हरिभूमि
# कोरबा भूमि

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3
बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटा विभाग, 20 फरवरी से होगी शुरू



## खबर संक्षेप

### पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई में 9 को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 9 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है। आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थ आईटीआई कोरबा में 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन कर सकते हैं।

### पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 तक आमंत्रित

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पाली महोत्सव में जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं उनसे निर्धारित प्रारूप अनुसार आवश्यक दस्वावेज के साथ कर सकते हैं।

## रिसदी रोड में भाजपा का नया पार्टी कार्यालय का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

# अटल स्मृति भवन कार्यकर्ताओं के समर्पण संकल्प को रेखांकित करेगा : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जानगरी कोरबा में बनने जा रहा भाजपा का यह विशाल कार्यालय अटल स्मृति भवन न केवल संगठन की शक्ति और विस्तार का प्रतीक होगा, बल्कि हजारों कार्यकर्ताओं के समर्पण और संकल्प को भी दीर्घकाल तक रेखांकित करेगा। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के

**खास बात**

- कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष सहित दिग्गजों ने किया संबोधित

कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के अंशदान से बनने वाला यह भवन सर्वसुविधाओं से युक्त होगा और संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति देगा। संगठन के विस्तार और कार्यक्रमों की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए नए भवन की जरूरत थी। इसके निर्माण



महामाला से मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत।


भूमिपूजन करते हुए मुख्यमंत्री व अन्य।

से कार्यकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और संगठनात्मक कार्यों में सुगमता आएगी।

उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के नवीन जिला कार्यालय अटल स्मृति भवन के भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह के दौरान कही। श्री साय ने अटल स्मृति भवन के निर्माण का संकल्प लेने और उसे साकार करने के लिए जिलाध्यक्ष अध्यक्ष गोपाल मोदी, उनकी टीम और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि यह कार्य निश्चित रूप से सफल होगा। भारतीय जनता पार्टी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक एवं अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। जिले के नवीन जिला कार्यालय अटल स्मृति भवन के भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से भूमिपूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि बहुत ही महत्वपूर्ण काम यहां संपन्न हुआ है भारतीय जनता पार्टी की दृष्टि से, मैं शुरू से देख रहा था कि इतना बड़ा कार्यक्रम इतना अच्छा कार्यक्रम यहां प्रारंभ हुआ हैं, भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ और गंभीर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बैठे हुए हैं, भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, जबकि अटल जी के नाम पर समर्पित है, अटल स्मृति भवन का भूमि पूजन हुआ है और बहुत ही महत्वपूर्ण दिन हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीन मजबूत स्तंभों पर खड़ी हैं कार्यालय, कार्यकर्ता और कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि कार्यालय संगठन की आत्मा होते हैं, ⏭ शेष पेज 3 पर

### राष्ट्र निर्माण के कार्यों का मजबूत केंद्र बनेगा नया भवन : देवांगन

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि अटल स्मृति भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय आने वाले वर्षों में जनसेवा, संगठन विस्तार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों का मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की शक्ति हैं। पार्टी के प्रमुख स्तंभ में कार्यकर्ता कार्यालय और पार्टी के द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम प्रमुख रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी कार्यालय की दिशा पर विकास के साथ कार्य कर रही है। पिछले दो वर्षों में कोरबा जिले में मुख्यमंत्री के द्वारा अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया है इससे कोरबा के विकास को गति मिली है।

### विचारों और आदर्शों का प्रतीक होगा : मोदी

जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि सेवा ही संगठन है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिला द्वारा एक भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त जिला कार्यालय के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोरबा जिले के नवीन भाजपा जिला कार्यालय का नामकरण अटल स्मृति भवन के रूप में किया गया हैं, जो राष्ट्रनायक भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और आदर्शों का प्रतीक होगा। श्री मोदी ने जानकारी दी कि यह नया जिला कार्यालय लगभग 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि पर निर्मित किया जाएगा, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय दूर-दराज़ से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण, वैचारिक विमर्श एवं जनसेवा का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन 16 जनवरी 1991 को तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल के कर-कमलों से संपन्न हुआ था तथा उसका लोकार्पण 24 मार्च 1993 को कुशाभाऊ ठाकरे द्वारा किया गया था। नया प्रस्तावित कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा, संस्कार और राष्ट्र प्रथम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला वैचारिक केंद्र होगा।


बैठक में उपस्थित भूविस्थापित व एसईसीएल के अधिकारी।

# आज गेवरा खदान बंदकर भूविस्थापित करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित किसानों को वैकल्पिक रोजगार के साथ हैवी

**खास बात**

- वार्ता विफल, किसान सभा ने कहा प्रभावितों कोनहीं मिल रहा वैकल्पिक रोजगार

ब्लास्टिंग पर रोक लगाने के साथ 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 फरवरी को एसईसीएल के गेवरा खदान और साइलो को बंद करने की घोषणा की है।

हड़ताल को देखते हुए एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने वार्ता के लिए बुलाया गया जिसमें किसान सभा प्रतिनिधिमंडल से दीपक साहू, दामोदर श्याम, प्रशांत झा, गुलाब दास, रमेश दास बैठक में उपस्थित थे। सभी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने प्रबंधन के फिर से झूठे आश्वाशन को नहीं माना और वार्ता विफल रही। किसान सभा ने कहा की प्रबंधन केवल झूठे आश्वाशन देता है इसलिए खदान बंद हड़ताल होगा। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा की खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों की पूरी जमीन ली जाती है लेकिन रोजगार देते समय सौ प्रतिशत रोजगार प्रभावित ग्रामीणों को नहीं दिया जा रहा है 30 प्रतिशत बाहर के लोगों के नाम पर प्रभावितों के हक के रोजगार को बेचा जा रहा है। विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दीये गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। हजारों छोटे किसानों को खेती किसानी से अलग कर रोजगार से वंचित रखा गया है। मांगो को लेकर सकारत्मक चर्चा प्रबंधन के साथ नहीं हुई उसके बाद किसान सभा और भूविस्थापित संगठन ने 3 फरवरी को गेवरा खदान बंद करने की घोषणा की है।

### ये है भूविस्थापितों की मांग

0 भूविस्थापित परिवार के बेरोजगारों को सौ प्रतिशत रोजगार में रखा जाए।
0 हैवी ब्लास्टिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए।
0 खदान विस्तार से पहले सेफ्टी जोन बनाया जाए।
0 खदान एवं परिवहन के कारण उड़ने वाले धूल डस्ट से ग्रामीणों को कई बीमारियों के साथ घरेलू सामानों को सुरक्षित रखने में अतिरिक्त खर्च दिया जाए।



## खबर संक्षेप

### एचआईव्ही एड्स जन जागरूकता अभियान पर बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.रविकान्त सिह राठौर के नेतृत्व में एचआईव्ही/एड्स जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत इंटेसीफाईड आईईसी कैम्पेन के तहत जिले में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा हे इस अभियान के अंतर्गत एचआईव्ही/एड्स एवं एक्ट 2017 विषय इस अभियान के अंतर्गत इंटेसीफाईड आईईसी कैम्पेन के तहत जिले में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एचआईव्ही/एड्स एवं एक्ट 2017 विषय पर हेल्थ केयर प्रोवाईडर एवं अन्य हॉस्पीटल स्टाफ के लिए बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस बैठक का उद्देश्य सभी केयर प्रोवाईडर्स को एचआईव्ही/एड्स के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ टोल फ्री न. 1097 की जानकारी प्रदान करना है। इस नम्बर पर कोई भी कभी भी एचआईव्ही/एड्स से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया साइकिल का वितरण

**हरदीबाजार।** छिन्दपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 29 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ राठौर, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, महामंत्री हेमंत तिवारी, प्रताप सिंह कंवर, सरपंच शकुन्ती कंवर, एसडीएमसी अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष हुलेश राठौर, रथलाल पाटले, एसएमवी कृष्णानंद राठौर, शंकर यादव, सचिन राठौर, तेरस यादव, मन्नु राठौर, अमित राठौर, गणेश यादव, मनाराम बियार, संतोष पाण्डेय, उसमेर सिंह राठौर, शैलेन्द्र राठौर, देवसिंह राठौर, प्यारेलाल राठौर, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा, पीआर भार्गव, वर्षा रानी सोनी, ए खान, हिमकांति बसंत, स्वाति राठौर, जनार्दन, करुणा, दिव्या, भारती वैष्णव, अशोक भगत, एलपी राजवाड़े, सागर टंडन, श्री काटले, श्री कश्यप, दीपिका बघेल, विनीता सिंह, श्री नारंग, उमाशंकर पाटले, राधेश्याम, संपत, निलेश उपस्थित रहे।

### उद्योग मंत्री व महापौर ने सीजी फिल्म ब्यूटी पार्लर वाली बहु का किया मुहूर्त

**कोरबा।** महंत प्रोडक्शन हाउस एण्ड फिल्म के बैनर तले बनने वाली फिल्म ब्यूटी पार्लर वाली बहु का मुहूर्त जश्न रिसोर्ट राताखार में पिछले दिनों रखा गया था। जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखण्ड से आए हुए सौ कलाकारों ने अपनी प्रतिभा बिखेरने के साथ साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसमें फिल्म के हीरो मन कुरैशी, रवि साहु, हीरोइन दीक्षा जायसवाल, लता साहु, अंजलि चौहान, ने अपनी प्रतिभा को दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि महंत प्रोडक्शन हाउस एण्ड फिल्म के बैनर तले बनने वाली फिल्म ब्यूटी पार्लर वाली बहु निश्चित रूप से हिट साबित होगी और यहां के स्थानीय कलाकारों को मौका मिलेगा। अभी अभी तीन दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 150 करोड़ से बनने वाली फिल्म सिटी का भूमि पूजन नया रायपुर में किया है, जो कि कयी बड़े बड़े सेट माडल का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम को महापौर संजुदेवी राजपूत ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव कांग्रेस सचिव तनवीर अहमद, श्रमिक नेता सतीश राठौर, फिल्म निर्माता व सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत, संतोष महंत, अमनदीप अमित, एसआर अमित, दीपक शारदा अमित, उषा राठौर, संतोष राठौर, प्रशांति सिंह, चित्रा देवी महंत, भावना महंत, लोकेश महंत, अशोक कुमार साहू, सुखसागर साहू, भारती महंत, किरण चौरसिया, गया चंद्र उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का किया गया आयोजन

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के ग्राम पंचायत कोरबी के छुईहापारा में मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के कांग्रेसी उपस्थित थे मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने अपने उद्बोधन में मनरेगा मजदूरों को कहा कि हम सभी एक जुटकर हो करके हम सभी मनरेगा को बचाएंगे। पहले सभी गांवों में पलायन के लिए बाहर दूसरे प्रदेशों में काम करने के लिए परिवारों के साथ हमारे गांवों से बाहर जाते थे। इसी को देखते हुए कांग्रेस शासन के समय मनरेगा का शुभारंभ किया गया था, ताकि मजदूर किसान अपने अपने गांवों में डबरी या तालाब गहरी करण कर गांवों में रोजगार की गारंटी पाते थे। रोजगार गारंटी योजना चालू होने से सभी को समय पर रोजगार उपलब्ध कर सही समय पर उसकी मेहनत का भुगतान किया जाता था और आज के समय में भाजपा सरकार के द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर भगवान राम को भी घोटाला में जोड़ रहे हैं क्या इसमें घोटाला नहीं होगा, घोटाले में भी राम को नहीं छोड़ रहे हैं। मनरेगा बचाओ अभियान संग्राम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव हरिश परसाईं, सांसद प्रतिनिधि पोषाक दास महंत, प्रभा तंवर जिलाध्यक्ष (महिला कांग्रेस कोरबा), मनोज चौहान जिलाध्यक्ष (कांग्रेस कमेटी कोरबा), गोरेलाल यादव ब्लाक अध्यक्ष कटघोरा , कौशल श्रीवास अध्यक्ष (कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार) आदि उपस्थित थे।

# गांगपुर में श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर पंचायत छुरीकला के समीपस्थ ग्राम गांगपुर में आध्यात्म और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। 1 फरवरी से ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन की शुरुआत हो गई है। इस धार्मिक अनुष्ठान में पंडित योगेश्वरानन महाराज, सोमवारी बाजार, दीपका वाले व्यासपीठ पर आसीन होकर अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकली जिसमें सैकड़ो की संख्या में माता बहनों ने सिर पर कलश उठाकर यात्रा पूरी की। इसके बाद विधि-विधान से कथा का श्रीगणेश हुआ। कथा की कड़ी में कपिल देव हुति संवाद एवं ध्रुव चरित्र, अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र एवं भगवान नरसिंह अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम राम कथा एवं भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, रासपच्चाध्यायी एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं कथा विश्राम तथा 8 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन और सहस्त्र धारा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।आयोजन समिति के अनुसार, प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं मुख्य कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से प्रारंभ होगा। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासी गांगपुर ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ उठाने और इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की है।

### पं.योगेश्वरानंद महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु करेंगे कथा श्रवण

**खास बातें**

- प्रतिदिन दोपहर बाद शुरु होगी कथा
- आयोजन के लिए 8 फरवरी को भंडारे के साथ होगा समापन



### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का हुआ समापन



**कोरबा।** आदर्श नगर कुसमुंडा सामुदायिक भवन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विश्रांति दिवस था इस कथा में उज्जैन नगरी से पधारी हुई पूजनीय व्यासपीठ सुश्री प्रभु प्रिया कथा ब्यास में बैठ कर आसपास एवं कॉलोनी के बड़े श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराई इकट्ठे हुए सब ने कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाया और उज्जैन नगरी से पधारी हुई पूजनीय व्यास पीठ सुश्री प्रभु प्रिया के वचनों को अपने जीवन में पालन करने का संकल्प लिया कथा में मातृ शक्तियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कथा में सोनू पांडे अध्यक्ष पूर्वांचल विकास समिति, हिरण चंद्र एरिया जेसीसी कुसमुंडा, अमिया मिश्रा एरिया जेजेसी, केके तिवारी अध्यक्ष कुसमुंडा, बबलू, कमलेश प्रधान, श्रीमती हेमा शर्मा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### संस्कार भारती ने किया आयोजन

# शास्त्रीय कलाओं के संगम से जीवंत हुआ भरत मुनि स्मृति दिवस



कार्यक्रम प्रस्तुत करने के दौरान पुरस्कृत प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

संस्कार भारती जिला इकाई कोरबा के तत्वावधान में संस्कार भारती की नगर संयोजन समिति द्वारा रविवार को माघ पूर्णिमा को भरत मुनि स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। भारतीय नाट्य विधा और कला मीमांसा के आदि पुरुष महर्षि भरत मुनि की स्मृति में पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर प्रांगण में एक भव्य शास्त्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर देश के प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से नाध्यशास्त्र के प्राचीन सिद्धांतों को मंच पर जीवंत कर दिया। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण रायपुर से आई भरतनाट्यम कला साधकों का समूह रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भरत मुनि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। इस आयोजन में विशुद्ध शास्त्रीय प्रस्तुतियां ही दी जाती है। प्रख्यात नृत्यांगना प्रतिभा गोस्वामी और उनकी टीम ने भरतनाट्यम और अनुष्का शर्मा, शान्वी चतुर्वेदी, योद्धा पर्वतम ने कत्थक माध्यम से रसचक्र और भाव-विभाव की सुंदर प्रस्तुति दी। दर्शकों ने कलाकारों के हस्त मुद्राओं और पद-संचालन की बारीकियों को मंत्रमुग्ध होकर देखा। शास्त्रीय गायन के कार्यक्रम में संगीत विशारद राम प्रसाद सारथी, धर्मेंद्र सारथी तथा मुस्कान गोस्वामी ने राग-रागिनियों पर आधारित शास्त्रीय गायन ने वातावरण को आध्यात्ममय बना दिया। शास्त्रीय वादन की श्रृंखला में कृष्णकांत साहू ने वायलिन तथा भूपेंद्र श्रीवास ने तबले पर सोलो प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं मोहन पूरी गोस्वामी के शिष्य नैतिक दास, अमित जगत तथा कुलदीप ने तबले पर समूह वादन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ योगी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जे एस मानसर, नगर पंचायत पाली के उपाध्यक्ष लखन प्रजापति, टी पी उपाध्याय, परमजीत छाबड़ा, भागवताचार्य रामकुमार दुबे, ठाकुर जुड़ावन सिंह, जिला महामंत्री शिव दुबे, भवानी गोपाल, सीमा देवांगन, संध्या ठाकुर, दीपक शर्मा, आशीष शर्मा, विजय बाजपेयी, यशवंत देवांगन, अरूण दास वैष्णव, दीपक शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### कथक नर्तक पर्वतम योद्धा हुए सम्मानित



संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित भरत मुनि स्मृति दिवस एवं कला-संध्या कार्यक्रम में नगर के प्रतिभाशाली बाल कलाकार पर्वतम योद्धा ने अपनी उत्कृष्ट कथक नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के नृत्य, गीत एवं संगीत कलाकारों ने सहभागिता की। इतनी कम उम्र में पर्वतम योद्धा की सधी हुई भाव-भंगिमाएं, तालबद्ध पाद संचालन और आत्मविश्वासपूर्ण मंच उपस्थिति ने दर्शकों एवं निर्णायक मंडल का विशेष ध्यान आकर्षित किया। संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने बाल कलाकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्वतम योद्धा जैसे प्रतिभाशाली बच्चे भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। उन्होंने बच्चे के माता-पिता एवं गुरुजनों को भी इस सफलता का श्रेय दिया। पर्वतम योद्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल बाल्को में 4वीं कक्षा में पढ़ रही है और वह भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के कर्मचारी पर्वतम सतीश कुमार की बेटी हैं।

# निजी स्कूल में बच्चे पर बरसाए गए 13 डंडे, पैरों में खून जमने के निशान

**अंबिकापुर।** स्कूलों में बच्चों के साथ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर शहर के बीच मौजूद स्कूल में मासूम बच्चे पर 13 डंडे बरसाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत परिजन ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के रिपोर्ट के बाद आगे के कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि विजय चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र शहर के प्रतापपुर रोड स्थित होली होम एकेडमी में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करता है।

छात्र 29 जनवरी को स्कूल गया हुआ था। इस दौरान स्कूल में पढ़ाई को लेकर बच्चे के शारीर पर 13 डंडे बरसाए गए। जब बच्चा घर पहुंचा तो उसके पैर पर जगह जगह निशान बने थे और खून जम गया था जिसके बाद परिजन छात्र को लेकर अस्पताल गए जहां बच्चे का उपचार कराया गया। इसके साथ ही छात्र के पिता ने घटना की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ दिनेश झा ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। छात्र के पिता ने मारपीट जमे खून के निशान की



- पिता की शिकायत के बाद डीईओ ने बनाई 3 सदस्यीय जांच टीम

तस्वीर और मेडिकल रिपोर्ट भी पेश की है। ऐसे में डीईओ ने शासकीय उमावि खलिबा की प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित, शासकीय उमावि सरगवां के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह व सकालो हाई स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अनिता दान की तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई है। डीईओ ने जांच टीम को तत्काल स्कूल जाकर और छात्र व परिजन से मिलकर जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई**

मारपीट की शिकायत की गई थी। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-दिनेश झा, डीईओ

# आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में भक्ति, श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में महाशिवरात्रि का भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, बी. के. रुक्मणि दीदी, बी. के. बिंदु दीदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के पारंपरिक स्वागत, तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर बी.के. रचना दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा की महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्म जागृति का संदेश है। परमपिता शिव स्वयं इस धरा पर आकर पतित संसार को पावन बनाते हैं और हमें राजयोग के माध्यम से जीवन जीने की सच्ची कला सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि शिव ही शांति, प्रेम और शक्ति के सागर हैं, जिनकी याद से जीवन में सुख और सफलता आती है। जयसिंह अग्रवाल ने कहा की ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। उन्होंने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए सभी को आत्मचिंतन एवं सद्कर्म करने की प्रेरणा दी। राजकिशोर प्रसाद ने कहा की आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य बाहरी सुखों की दौड़ में आंतरिक शांति खो बैठा है। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि हमें आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने संस्था की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ से मिलने वाली शिक्षाएँ व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के चरित्र निर्माण में सहायक है। बी. के. रुक्मणि दीदी ने कहा की आज के तनावपूर्ण जीवन में शिव स्मृति ही मानसिक शांति का आधार है। शिवरात्रि हमें अपने अंदर की बुराइयों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी को नियमित राजयोग ध्यान करने का संदेश दिया और शिव बाबा से नाता जोड़ने का आह्वान किया।

# बाबा केवल सतनामी समाज के गुरु नहीं बल्कि पूरे मानव समाज के गुरु : महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत।

गुरुगद्दी धाम एवं 100 गांव सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में मांघी-पुन्नी मेला का आयोजन किया गया था जिसका समापन 1 फरवरी को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल सतनामी समाज के गुरु नहीं हैं बल्कि पूरे मानव समाज के गुरु हैं। उन्होंने सर्व समाज के मध्य समता स्थापित करने के लिए कार्य किया। उनका दिया गया सतनाम का पंथ आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समता ,स्वतंत्रता ,बंधुता तथा सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए कार्य किया।

**खास बात**

- गुरुगद्दी धाम पताढ़ी में मांघी पुन्नी मेला संपन्न

कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु गद्दी धाम के अध्यक्ष लखन लाल लहरे ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, सांसद प्रतिनिधि नेता पोषक दास महंत, कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर मोहिन्दर सिंह कंवर, डोमा परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे, संतोष दीवान, जनपद सदस्य अनिल खुंटे, विधायक प्रतिनिधि अमर खांडे एवं प्रवीण ओग्रे, कोरबा सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामायण प्रसाद रात्रे, आत्माराम पन्ना आमंत्रित थे। अतिथियों का स्वागत गुरु गद्दी धाम पताढ़ी के अध्यक्ष लखन लाल लहरे, उपाध्यक्ष सुरेश महिलांगे, सचिव गेस राम मिरी, कोषाध्यक्ष कमलेश अनंत, गणेशराम बघेल, दिनेश कुर्रे, होरिल रत्नायके, प्रदीप रात्रे, जवाहरलाल डहरिया ने किया। छोटे बच्चों एवं स्टार बॉय्ज पंथी पार्टी कापूपहरी के द्वारा रिकॉर्डिंग डांस की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद लोक कलाकार डॉ हृदय प्रकाश अनंत एवं किरण भारती के द्वारा पंथी गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

### गुरु दीदी प्रियंका ने चढ़ाया पालो



इस अवसर पर जगत गुरु गुरुगद्दी नशीन विजयकुमार के सुपुत्री राजनंदनी प्रियंका गुरु दीदी गुरु गद्दी आसन में पूजा अर्चना कर आरती मंगल के साथ राज महंत जिला महंत सामाजिक प्रमुख साधु संत के उपस्थिति में पालो चढ़ाया एवं संत समाज को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर आयोजन समिति के राजमहंत रामचन्द्र पाटले अध्यक्ष लखन लहरें, संरक्षक आत्माराम पन्ना, सचिव देशराम मिरी, राजमहंत रामचन्द्र पाटले, वरिष्ठ राजमहंत दसे राम खांडे राजमहंत राजेश्वर भार्गव राजमहंत पी एल कोसरिया राजमहंत जे पी कोशले अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े राजमहंत सुंदरसाय बंजारे राजमहंत राजमहंत राजनारायण निराला भुलाऊं राम राजमहंत भुवन लहरें, राजमहंत खड़कदास जिला महंत गछराम, छड़ीदार भंडारी, साधु संत सामाजिक कार्यकर्ता के साथ जोड़ा जैत खाम पालो चढ़ाया।

### आर्द्रभूमि की आवश्यकता और उसके संरक्षण पर हुआ व्याख्यान

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर सतरेंगा में हुआ जागरूकता व स्वच्छता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित वन विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण।

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर कोरबा वन मंडल द्वारा सतरेंगा पिकनिक स्पॉट में एक जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोरबा वन मंडल द्वारा आयोजित किया गया, जो कि कोरबा वनमंडलाधिकारी प्रेमलतायादव के निर्देशानुसार एवं उप वनमण्डलाधिकारी आशीष खेलवार एवं सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार रेंज एवं वन अमले के द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर सतरेंगा हाई स्कूल के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंतर्गत सतरेंगा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान (सफाई कार्य) कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं वन कर्मियों ने मिलकर आर्द्रभूमि क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। साथ ही छात्रों को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) की आवश्यकता, उसकी पारिस्थितिक महत्ता एवं संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आर्द्रभूमि की सामान्य जानकारी देते हुए बताया गया कि वेटलैंड प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, भूजल रिचार्ज, जैव विविधता के संरक्षण, प्रवासी पक्षियों के आवास तथा स्थानीय आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आर्द्रभूमियाँ बाढ़ नियंत्रण, जल शुद्धिकरण एवं जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके संरक्षण से पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ मानव जीवन भी सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर जितेंद्र सारथी, भूपेंद्र जगत, चंद्रसेन कोरी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अनिल कंवर, वनरक्षक उत्तम खूंटे, वनरक्षक शिवप्रसाद कांवर, वन प्रबंधन समिति सतरेंगा के सदस्य , महिला स्व सहायता समिति के सदस्य, नौकाविहार समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पर्यटकों के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित कर आर्द्रभूमि के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बताया कि यदि आज आर्द्रभूमियों का संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य में जल संकट एवं जैव विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि संरक्षण हेतु जागरूक नागरिक बनने एवं अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। कोरबा वन मंडल द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आम व मध्यमवर्गीय परिवार को निराश करता है यह बजट : ज्योत्सना



**कोरबा।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केंद्रीय बजट 2026-27 को निराशाजनक और उद्योगपतियों के पक्ष में बनाया गया बजट बताया। सांसद महंत के अनुसार यह बजट आम जनता के लिए नहीं बल्कि बड़े व्यापारिक घरानों को लाभ पहुंचाने वाला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को बजट में नजरअंदाज किया गया है जबकि चुनावी राज्यों पर अधिक ध्यान दिया गया है। साँसद ने बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर भी सवाल उठाए कहा कि बजट में इन प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं हैं। साँसद ज्योत्सना महंत ने साफ तौर पर कहा कि यह बजट आम लोगों के लिए राहत देने में विफल रहा है और किसानों, युवाओं तथा मध्यम वर्ग की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान नहीं देता। मोदी सरकार व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को देश की जनता को बताना चाइये की इस बजट में आम और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए क्या कुछ है रेल के मामले में यात्री सुविधाओं के नाम पर वह बजट पूरी तरह देश की जनता को निराश करता है।

### केंद्र सरकार ने दिया जनहितैषी बजट : पदमिनी



**कोरबा।** केंद्र सरकार द्वारा वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने देशहित में एक संतुलित, दूरदर्शी एवं सर्वसमावेशी बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट में किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक, मध्यम वर्ग, गरीब एवं व्यापारी वर्ग देश के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचा विकास तथा आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने वाले प्रावधान इस बजट को ऐतिहासिक और जन-कल्याणकारी बनाते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत छुरीकला की अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी प्रीतम देवांगन ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करता है और देश को प्रगति के पथ पर और तेज़ी से आगे ले जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन का हृदय से आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले को मिला 15 पदक



**कोरबा।** शहीद बी.आर. यादव इंडोर स्टेडियम बिलासपुर में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में लेवल अप एमएमए एकेडमी कोरबा निहारिका, सतनाम भवन बालको अकैडमी के साथ पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, छुरीकला के खिलाड़ियों ने भी सहभागिता निभाते हुए उल्लेखनीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रदेश के 18 जिलों की भागीदारी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद कोरबा टीम ने अनुशासित खेल, तकनीकी दक्षता और मजबूत टीम भावना का परिचय देते हुए चौथा स्थान हासिल कर जिले के खेल इतिहास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। प्रतियोगिता का संचालन वर्ल्ड ताइक्वांडो फेडरेशन के आधिकारिक नियमों के अनुरूप किया गया। सभी मुकाबले इलेक्ट्रॉनिक सेंसर आधारित प्रोटेक्टर स्कोरिंग सिस्टम के माध्यम से संपन्न हुए, जिससे अंक निर्धारण पूर्णतः पारदर्शी, सटीक एवं निष्पक्ष रहा। इस आधुनिक तकनीक के उपयोग से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर जैसा प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त हुआ। कोरबा टीम ने प्रतियोगिता में कुल 15 पदक अर्जित किए, जिनमें 6 स्वर्ण, 6 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं। यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, कठोर अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण का प्रत्यक्ष परिणाम है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अटल स्मृति भवन...

जहाँ से विचार निकलते हैं, कार्यकर्ता गढ़े जाते हैं और जनसेवा की दिशा तय होती है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, संभाग प्रभारी रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, देवेंद्र पांडेय एवं जोगेश लांबा की उपस्थिति रही। अतिथियों ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह नवीन कार्यालय न केवल संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, बल्कि भाजपा की विचारधारा, संस्कार और सेवाभाव का सशक्त प्रेरणास्थल भी सिद्ध होगा। यह कार्यालय अंत्योदय, सुशासन और जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटा विभाग, 20 फरवरी से होगी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जाने वाली हायर सेकेण्डरी हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा जिले के 97 केंद्रों में आयोजित की जाएगी। 20 फरवरी से शुरु हो रही परीक्षा की तैयारियों में शिक्षा विभाग जुट गया है। सभी परीक्षा केंद्रों को ऐसे क्षेत्रों में स्थापित किया गया है जहां तक पहुंचने के लिए छात्रों को लंबी दूरी का सफा तय ना करना पड़े। विभाग के द्वारा 2 नए केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा था। जिसकी स्वीकृति भी मिल गई है।

अलग खबर

10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरु होंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा परीक्षा की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। शिक्षा विभाग को इन निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है। मंडल के द्वारा शहर में बनाए गए समन्वय केंद्र साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से परीक्षा की गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया जाना है इसकी भी तैयारियां चल रही है। गोपनीय सामग्रियां अब तक समन्वय केंद्र साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अब तक नहीं पहुंची हैं। परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए भी शिक्षा विभाग के द्वारा उड़नदस्ते दल का गठन किया जा रहा है। जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ते दल के अलावा सभी 5 ब्लॉकों में भी एक-एक उड़नदस्ते दल का गठन किया जाएगा। इन उड़नदस्ते दल में महिला व्याख्याता भी रखी जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जारी नए निर्देशों के तहत विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी उस दिन नहीं लगेगी जिस दिन उनके विषय की परीक्षा होगी। इसके स्पष्ट निर्देश शिक्षा विभाग को दिए गए हैं। हालांकि ग्रामीण अंचलों में इनके निर्देशों का पालन होते नहीं दिख रहा है। नियम में यह भी बताया गया है कि नकल रोकने के लिए बनाए जाने वाले उड़नदस्ते दल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को भी उन विषयों के परीक्षाओं के दिन नहीं रखा जाएगा।

### 98 परीक्षा केन्द्रों में ली जाएगी परीक्षा

**खास बातें**

- उड़नदस्ता दल का किया गया गठन
- बीते वर्ष की तुलना में 12वीं में छात्र संख्या हुई कम



**21661 परीक्षार्थी बैठेंगे बोर्ड परीक्षा में**

जिले में 20 फरवरी से शुरु हो रही हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में 22 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। हाईस्कूल में 12238 परीक्षार्थी एवं हायर सेकेण्डरी में 9423 परीक्षार्थी उपस्थित रहेंगे। 10वीं की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त होगी वहीं 12वीं का अंतिम प्रश्न पत्र 16 मार्च को संपन्न होगा।

### क्रेडा और आदिवासी विकास विभाग हैं अलग

# जनजातीय क्षेत्रों के आवासों में निजी एजेंसियां लगा रही सोलर पेनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जनजाति क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से जन मन योजना से बन रहे आवासों या पीएम आवास में पीएम सूर्यघर योजना के तहत जिस तेजी से सोलर पैनल लगाने का काम चल रहा है उसमें सवाल भी खड़े होने लगे हैं कि आखिर सोलर पैनल लगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य से क्रेडा और जनजाति क्षेत्रों का डाटा तैयार करने वाले आदिवासी विकास विभाग को अलग क्यों रखा गया। निजी फर्मों को सीधे काम दिए जाने से सवाल भी खड़े होने लगे हैं।

**खास बात**

- सीधे निजी संस्थाओं को दिया जा रहा काम

सोलर पैनल उन क्षेत्रों में लगाने का काम किया जा रहा है जो बिजलीविहीन है जहां बिजली नहीं पहुंची। ऐसे क्षेत्रों में बिजली विभाग केबल बिछाकर बिजली पहुंचाने का कार्य कर रहा है। वहीं दूसरी ओर पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों एवं अन्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में पीएम जनमन और पीएम आवास योजना से तैयार हो रहे मकानों में सोलर पैनल लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है और यह कार्य निजी फर्मों को सौंपा गया है। उनके द्वारा किस तरह से सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जा रहा है उसका निरीक्षण करने के लिए भी कोई अधिकारी मौकास्थल पर नहीं पहुंच रहा है। अब तक जितने भी शासकीय योजनाओं से सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाता था वह सभी कार्य क्रेडा के माध्यम से कराए जाते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि सोलर पैनल का काम करने वाली सरकारी एजेंसी को ही इस कार्य से अलग कर दिया गया है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो यह कार्य निजी संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है। उनके विभाग की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं है।



**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में क्रेडा के सहायक संचालक दीपक साहू का कहना है कि सोलर पैनल लगाने का काम उनके विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है। निजी संस्थाओं को यह काम दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर का कहना है कि पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं किंतु यह काम आदिवासी विकास विभाग द्वारा नहीं कराया जा रहा है।

**डीएमएफ की राशि से होगा एजेंसी को भुगतान**

ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम और जन मन आवास में जिन एजेंसियों के द्वारा सोलर पैनल लगाया जा रहा है उनको भुगतान खनिज न्यास मद की राशि से किया जाएगा। किश्त किश्त में राशि का भुगतान एजेंसी को किया जाना है। जिले में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने का काम जिला पंचायत के द्वारा एजेंसी को आबंटित किया गया है। उक्त एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। जिनके कार्य की गुणवत्ता की जांच भी आवश्यक हो गई है। इसके पूर्व भी डीएमएफ से कई कार्य हुए हैं जा आज भी चर्चा और विवादों में बने हुए हैं।

## बेस्ट प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड से नवाजे गए प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता



पुरस्कार प्राप्त करते प्राचार्य श्री गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वस्व न्योछावर कर स्कूल एवं विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य के कार्य करना विद्यालय संचालक का परम दायित्व होता है। प्राचार्य जो अपने अनुभव एवं कार्य कुशलता से विद्यालय को तरक्की के राह पर ले जाता है। ऐसे ही ऊर्जावान एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी डॉ. संजय गुप्ता जो कि वर्तमान में इंडस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवा दे रहें इस वर्ष 2026 में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान ,समर्पण एवं विशिष्ट प्रबंधन के कार्य तथा कुशल संस्था का संचालन करने के लिए डॉक्टर संजय गुप्ता को बेस्ट स्कूल प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

विगत 48 वर्षों से शिक्षा जगत को अपनी सेवा देते हुए डॉ. संजय गुप्ता (प्राचार्य- इंडस पब्लिक स्कूल दीपका) ने अपना सर्वस्व विद्यार्थियों के लिए समर्पित करते हुए इस मुकाम को हासिल किया है। गौरतलब है कि देश भर के विभिन्न 150 शिक्षाविदों को ही यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है जिसमें एक नाम डॉक्टर संजय गुप्ता जी का भी है।चयन समिति ने कई चरणों में अनेक क्षेत्रों की उपलब्धियों के मद्देनजर डॉक्टर संजय गुप्ता को इस सम्मान के काबिल पाया जो कि अत्यंत गर्व की बात है। डॉ. संजय गुप्ता को यह सम्मान 1 फरवरी 2026 को हॉलिडे इन, मयूर विहार नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

## करतला विद्युत वितरण विभाग ने मनाई रजत जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित विभाग के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण कंपनी संभाग के द्वारा करतला वितरण केंद्र के अंतर्गत सदभावना भवन करतला तथा रामपुर वितरण केंद्र में कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर भवन मे कार्यपालन अभियंता एस के सोनी के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता सीके राठौर एवं कनिष्ठ अभियंता आरके राणा, सुश्री सृष्टि चंद्रा के नेतृत्व में विद्युत पावर कंपनी की 25 वर्ष की सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंकित राय उपसरपंच ग्राम पंचायत करतला, अतिथि राजेश राय तथा रामपुर में मुख्य अतिथि श्रीमती सुलोचना राठिया सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर, अतिथि राजेश अग्रवाल उपसरपंच रामपुर, विनय सिंह राठिया, रोशन साहू, देवेंद्र अग्रवाल पंच रामपुर सम्मिलित हुए एवं उनके द्वारा 20 नग भिन्न-भिन्न श्रेणी के लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया एवं उपभोक्ताओं को कंपनी के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रवक्ता द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के विभिन्न योजनाओं जेसे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, केजेजेवाई योजना, हाफ बिजली बिल योजना, कुसुम योजना, 1912 की टोल फ्री सुविधा, मोर बिजली मोबाइल ऐप आदि के विषय में अतिथियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर उत्तमदास मानिकपुरी, मोहन लाल वैष्णव, अभिमन्यु नागेश, शुभम कुमार, रामप्रसाद, श्रवण, जीवन, लक्ष्मी, दुर्गेश, बादल श्रीवास उपस्थित रहे।

## विद्युत वितरण केन्द्र बरपाली ने मनाई रजत जयंती



रजत जयंत्री समारोह में शामिल अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के ग्रामीण संभाग अंतर्गत बरपाली वितरण केन्द्र ग्राम पकरिया तथा भैसमा वितरण केन्द्र में पावर कंपनी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पावर कंपनी की उपलब्धियों के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अशोका बाई कंवर तथा श्रीमती बिजमति राठिया मंचस्थ रहें। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद सदस्य श्रीमती नीता यादव एवं भुपेंद्र सिंह कंवर, सरपंच संघ अध्यक्ष विश्राम कंवर,सरपंच श्रीमती लीलावती कंवर, सरपंच संजय सिंह कंवर, अजय कंवर, कमलेश अनंत उपस्थित रहे। उपसंभाग के सहायक अभियंता चंद्र कुमार राठौर ने वितरण कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हितग्राहियों तथा ऐसे घरेलू, गैर-घरेलू, बीपीएल एवं कृषि पंप उपभोक्ताओं को, जिन्होंने बीते दो वर्षों में नियमित रूप से अपना बिजली बिल जमा किया है, पावर कंपनी की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बरपाली वितरण केन्द्र की कनिष्ठ अभियंता सलोनी टोप्पो, डोमन कौशल, रामकृष्ण राव, लाइन कर्मचारी दिनेश कंवर, विजय, राजू यादव, दिनेश, दीपक किंडो, हरिश, अभिषेक, कलेश, रूपनारायण, अतुल, हेमंत, सुखसेन, तरुण, गजेन्द्र उपस्थित रहे।

**विद्युत वितरण केंद्र ने मनाया गया रजत जयंती**

शनिवार को विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत उतरदा में किया गया था। जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत उतरदा लक्ष्मीन बाई मरावी एवं सरपंच प्रतिनिधि सुंदर सिंह मरावी एवं उप सरपंच राकेश जायसवाल, समाजसेवी संतोष मरावी, विधायक प्रतिनिधि समोस सागर शामिल हुए। जिनके द्वारा 25 भिन्न-भिन्न श्रेणी के आदर्श उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को कंपनी के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता नमन डिक्सेना, परमजीत सिंह, अखिलेश राम, मनीष राठौर, वीरेंद्र पटेल, कीर्तन राठिया, दशरथ देवार, नरोत्तम जगत, बीरबल, ईश्वर दास उपस्थित थे।



## सच्चे मन से मरीज की सेवा करना ही डॉक्टर का कार्य : पारस




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा ने अपना द्वितीय स्थापना मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पारस योगी जिला उपाध्यक्ष संस्कार भारती मुख्य अतिथि व अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा, अनुराग तिवारी नगर कार्यवाहक आरएसएस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा गोपाल बन गोस्वामी के द्वारा किया गया।

**खास बात**

- गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा का मनाया गया द्वितीय वर्षगांठ

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं केक काट कर किया गया। तत्पश्चात हॉस्पिटल के डायरेक्टर गोपाल गोस्वामी ने मुख्य अतिथि पारस योगी का पुष्पगुच्छ भेंट किया। गोपाल गोस्वामी ने कहा कि गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को दो वर्ष पूर्ण होना नगरवासियों के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य शुरू से ही यह रहा है कि कटघोरा एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उनके अपने नगर में ही उपलब्ध कराई जाएं नगरवासियों के सहयोग से आज हॉस्पिटल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हॉस्पिटल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं समस्त कर्मचारियों की सेवा भावना की सराहना की। इसके पश्चात मुख्य अतिथि पारस योगी ने कहा कि कम समय में हॉस्पिटल ने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है और गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल इस सेवा को पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ निभा रहा है। यह संस्थान न केवल इलाज कर रहा है बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैला रहा है। विशिष्ट अतिथि अजय धनोंदिया ने बताया कि निश्चित ही पहले नगर में स्वास्थ्य को लेकर काफी परेशानी होती रही थी लेकिन जब से गोपाल मल्टीस्पेशलिटी का शुभारंभ हुआ तब से नागरिको की इलाज के लिए इधर उधर बाहर नही जाना पड़ता हैं हॉस्पिटल में अनुभवी डॉक्टर होनी की वजह से लोगो को इसका पूरा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर डॉ एस एस सबरवाल, डॉ हेमन्त तिवारी, डॉ लीलाधर सिंह, डॉ विनीता, डॉ गरिमा, डा अनिल, मैनेजर सत्येंद्र शर्मा, समीर कुजूर, शुष्म, राजेन्द्र, प्रवीण भारिया के सांथ हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर, कर्मचारी व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल कुसमुंडा के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का किया नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदी विकास संस्थान नई दिल्ली द्वारा पिछले 10 वर्षों से हिंदी भाषा को देश विदेश में ख्याति दिलाने हेतु यह हिंदी साहित्य का सम्मान दिया जा रहा है जिसमें इस वर्ष लगभग 50 हजार छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 600 छात्रों को यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य क्षेत्रीय स्तर पर प्रदान किया गया है। इसी तारतम्य में इस वर्ष जिले के डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुसमुंडा से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ। जिसमें अभय कुमार सोनी पिता रामेश्वर प्रसाद सोनी, कक्षा 4 स को राज्य स्तर पर बाल श्रेष्ठ सम्मान एवं लावण्या प्रधान पिता दयानिधि प्रधान, कक्षा 9 को राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान 500 नगद राशि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से एवं दुर्ग-भिलाई से भी विद्यार्थियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। हिंदी विकास संस्थान नई दिल्ली द्वारा पिछले 10 वर्षों से हिंदी भाषा को देश विदेश में ख्याति दिलाने के लिए यह हिंदी साहित्य का सम्मान दिया जा रहा है। जिसमें इस वर्ष लगभग 50 हजार छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 600 छात्रों को यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य क्षेत्रीय स्तर पर प्रदान किया गया है। इसी तारतम्य में इस वर्ष डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुसमुंडा से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ।

कोरबा मार्केट






# एसईसीएल ने किया एआई-सक्षम मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना पर समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसईसीएल ने टीबी एवं अन्य फेफड़ों से संबंधित रोगों की रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रोजेक्ट श्वास के क्रियान्वयन के लिए आश्रय फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

अलग खबर

यह परियोजना एसईसीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत कोरबा जिले में संचालित की जाएगी, जिसके लिए 4.99 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर एसईसीएल मुख्यालय में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास की उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर सीएम वर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) तथा आश्रय फाउंडेशन की ओर से नलिन जोहरी, कार्यकारी निदेशक ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम में एसईसीएल के सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट श्वास छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी तरह की पहली एआई-आधारित मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना होगी, जिसके माध्यम से टीबी एवं अन्य फेफड़ों की बीमारियों की घर-घर जाकर जांच, शीघ्र पहचान तथा उपचार से जोड़ने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत निवारक, संवर्धनात्मक एवं ओपीडी आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। परियोजना के प्रमुख घटकों में प्री-टीबी लक्षणों का प्रारंभिक उपचार एवं प्राथमिक चिकित्सा सहायता, उपचार अनुपालन की निगरानी एवं फॉलो-अप, टीबी रोगियों के लिए देखभाल एवं स्वच्छता किट, मासिक पोषण एवं वेलनेस किट के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं भी शामिल हैं।

## 4.99 करोड़ की सीएसआर सहायता मंजूर

**खास बातें**
- टीबी एवं फेफड़ों की गंभीर बीमारियों की होगी रोकथाम




## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सिंघिया में उद्यमिता जागरूकता शिविर आज

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पंचायत सिंघिया में 3 फरवरी को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। इस शिविर में जिले के ऐसे युवक-युवतियां/उद्यमी जो स्वयं का व्यवसाय/उद्यम स्थापना के लिए अनुदानित ऋण का लाभ लेने के इच्छुक हैं, वे इस शिविर में सम्मिलित होकर लाभ उठा सकते हैं।

### चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस हेतु पंजीयन 13 तक

**कोरबा।** जिले में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 15 और 16 फरवरी को दो दिवसीय पाली महोत्सव का भव्य आयोजन ग्राम केराझरिया, पाली के महोत्सव ग्राउंड में किया जा रहा है। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महोत्सव के पहले दिन, 15 फरवरी को पाली चैतुरगढ़ थंडर राइड साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागी गूगल लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीयन 13 फरवरी की शाम 5 बजे तक करा सकते हैं।

### जनगणना समिति का हुआ गठन

**कोरबा।** भारत सरकार एवं जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 अन्तर्गत जिले के लिए आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, पीओएल/वाहन किराया/आकस्मिक निधि व्यय का क्रियान्वयन तथा जिला प्रशासन/ चार्ज स्तर में तकनीकी सहाय/एमटीएस कार्मिको की नियुक्ति अधिकृत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराया जायेगा। उक्त कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

### प्रेरणा महिला मंडल ने बढ़ाया विद्यार्थियों का उत्साह

**कोरबा।** प्रेरणा महिला मंडल डीएसपीएम कोरबा ईस्ट द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में संचालित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अलका कंसल, अध्यक्षा श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती अनु



सरना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति निरंतर मेहनत करते रहने और अपने लक्ष्य की दिशा में दृढ़ता के साथ प्रयास करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंडल की सचिव श्रीमती पूनम भगत, संयुक्त सचिव श्रीमती भारती खरे, श्रीमती रजनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि साहू सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कादंबरी राणा एवं श्रीमती गीता पैकरा का सहयोग सराहनीय रहा।

### संत रविदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**कोरबा।** संत रविदास समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में रविवार को संत रविदास की 649वीं जयंती अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा सीतामणी से प्रातः 12 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दोपहर 1 बजे श्रीसप्तदेव मंदिर पहुँची। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं शोभायात्रा में सम्मिलित समाजजनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्टी हार्दिक मोदी, विजय गोयनका, अंकित गोयनका, मंदिर के प्रमुख पुजारी नवीन, बीएम शर्मा, घनश्याम मिश्रा, ज्योति यादव, शीतल कौर, अन्नू सोनवानी, जानकी यादव, धन्नू देवांगन, संदीप वैष्णव, संजय अग्रवाल सहित अनेक नागरिक एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## 15 फरवरी से गांव गांव में किया जा रहा वॉलपेंट

# जंगल को आग से बचाने नुक्कड़ नाटक का सहारा, ग्रामीणों को आ रहा है रास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के सीजन में जंगल में पीले सोने की जमकर बारिश होती है और पीले सोने से ही ग्रामीण मालामाल होते हैं लेकिन पहले सोने के चक्कर में लोग जंगल को आग के हवाले कर देते हैं जिससे जंगल के साथ-साथ वन्य प्राणियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जंगल में आग लगने की घटना से लगातार जंगल खराब हो रहे हैं और औषधि भी नष्ट हो रहे हैं। इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कटघोरा वन मंडल अधिकारी ने एक नई पहल की है। इसके लिए वन विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जंगल से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जा रहा है। कैसे जंगल को आग से बचाना है इसकी जानकारी दी जा रही है। बाजारों में नुक्कड़ नाटक लग रही है जहां बड़ी संख्या में लोगों को पाठ पढ़ाया जा रहा है।



नुक्कड़ नाटक करते हुए कलाकार।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में विभिन्न प्रकार के वन औषधीय की भरमार है। साथी ही विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का बसेरा है। ग्रामीण जंगल में पाए जाने वाली चार, चिरौंजी, महुआ सहित अन्य औषधियों का संग्रहण कर मालामाल भी होते हैं लेकिन गर्मी के दिनों में खास तौर पर मार्च और अप्रैल के महीने में जैसे ही जंगलों में महुआ संग्रहण का दौर शुरू होता है। जंगल में आग लगने की घटना भी शुरू हो जाती है। लोग महुआ संग्रहण करने के लिए पत्तों में आग लगा देते हैं और इसी वजह से जंगल में भारी नुकसान होने के साथ साथ वन्य प्राणियों की मौत भी हो जाती है। लगातार बढ़ती इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा कटघोरा मंडल के सभी रेंज में वॉल पेंट का सहारा लिया जा रहा है। वॉल पेंट के माध्यम से यह बताया जा रहा है कि जंगल से उन्हें ग्रामीणों को क्या-क्या लाभ मिलता है और आग लगने से क्या नुकसान होता है। इसके अलावा बाजारों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को समझाइश दी जा रही है कि वह जंगल को आग लगने से कैसे बचाना है और जंगल से उन्हें क्या लाभ मिल रहा है। नुक्कड़ नाटक लोगों को जमकर रास आ रहा है। लोग खेल-खेल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सहजता से देख भी रहे हैं और समझ भी रहे हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में इसका लाभ वन विभाग के साथ साथ ग्रामीणों को भी मिलेगा।

### दी जा रही जानकारी

जंगल को आग से बचने के लिए वन विभाग द्वारा सभी ग्रामीण क्षेत्रों में वॉल पेंट कराया जा रहा है। वॉल पेंट के अलावा हाट बाजारों में नुक्कड़ नाटक आयोजित की जा रही है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जंगल की सुरक्षा कैसे करनी है और जंगल से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया जा रहा है। जंगल में आग लगने से क्या-क्या नुकसान हो रहे हैं इसकी भी जानकारी दी जा रही है।

-कुमार निशांत,
वन मंडलाधिकारी कटघोरा

# हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को चार वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टांगी से हमला कर हत्या का प्रयास करने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे चार वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल द्वारा जानकारी दिया गया कि आरोपी राजेश यादव द्वारा राजेश यादव को जमीन कब्जा करने की बात को लेकर टांगी से सिर पर मारकर प्राण घात्क हमला कर दिया जिससे राजेश यादव को गंभीर चोटें आयी थी जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी राजकुमार यादव द्वारा थाना पाली में किया, जिस पर थाना पाली द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश यादव के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर धारा 307 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की गई। संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा आहत एवं अन्य प्रत्यदर्शी साक्षियों के साक्ष्य पर विश्वास करते हुए आरोपी योगेश यादव द्वारा घटना को किया जाना पाया जिस पर निर्णय पारित करते हुए आरोपी के विरूद्ध मामला संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए 4 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

# पीएम श्रम योगी मानधन योजना 15 तक चलेगा पंजीकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निगम क्षेत्र में 15 फरवरी तक विशेष पंजीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र से संबंधित उन श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रूपये की न्यूनतम मासिक पेंशन सुनिश्चित करती है, जिनकी मासिक आय 15 हजार रूपये तक है।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा को योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें श्रम आयुक्त से समन्वय स्थापित कर शासन के निर्देशानुसार योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत के असंगठित श्रमिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का संचालन देश में किया जा रहा है, यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा श्रमिकों को बुढापे में मासिक पेंशन सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एक स्वेच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सम्मान है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं। ई-श्रम पोर्टल के अनुसार 31 दिसम्बर 2024 तक 30 करोड़ 51 लाख से ज्यादा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर पंजीकृत हैं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के इन श्रमिकों के लिए बुढापे में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अनेक लाभ प्रदान करती है।

# उद्योग मंत्री ने कन्नौजिया राठौर सामाजिक भवन का किया लोकार्पण



उद्योग मंत्री का स्वागत करते हुए समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कन्नौजिया राठौर समाज परिवार द्वारा स्वजनों के सहयोग से निर्मित शहर के द्वितीय सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया। यह नवीन सामाजिक भवन मैगजीन भाटा, वार्ड क्रमांक 34, दादरखुर्द में निर्मित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज की महिलाओं की सहभागिता से आनंद मेला कार्यक्रम एंव सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्नौजिया राठौर समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमचंद राठौर विशिष्ट अतिथियों मे निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कन्नौजिया राठौर समाज के महासचिव डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद श्रीमती सुनीता चौहान, पार्षद तरुण राठौर, पार्षद सुभाष राठौर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष श्यामलाल राठौर, मनहरण राठौर, कन्हैया राठौर व चुडामणी राठौर, कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सुश्री आशा साव, उमा राजेंद्र राठौर, नंद किशोर साव, सीताराम राठौर, देवप्रसाद राठौर, उमेंदराम साहू संजय राठौर, रामकुमार राठौर, बेनिराम राठौर, उर्मिला राठौर मंचासीन रहे। लोकार्पण कार्यक्रम व स्नेह सम्मेलन के सफल आयोजन मे मुख्य भूमिका कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा के अध्यक्ष सीताराम राठौर, कोषाध्यक्ष छबीराम राठौर एवं सचिव हरीश कुमार राठौर साथ ही समाज की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष विजय कुमार राठौर, जयनंद राठौर, फलेश राठौर, छतलाल राठौर, उघोलाल राठौर, राजेश कुमार राठौर, नानकचंद एवं चेतन राठौर ने भागीदारी दिया।

# टेबल टेनिस में रायपुर सेंट्रल की टीम बनी विजेता, कोरबा पश्चिम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रायपुर सेंट्रल की टीम ने एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की टीम पर 3-1 से जीत दर्ज कर ली। स्पर्धा का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। विजयी टीम रायपुर सेंट्रल समेत विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता एचके सिंह ने विनर ट्राफी सौंपी गई। मेंस सिंगल में दुर्ग रीजन के रजनीश ओबेराय ने जीत दर्ज की जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी टीपी सिंह को रनर का खिताब मिला। मेन्स डबल में रायपुर के खिलाड़ी प्रशांत बापट एवं अनुराग शर्मा ने जीत दर्ज की। जबकि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी टीपी सिंह एवं बिलासपुर रीजन के समीर तिवारी को रनर का खिताब मिला है। विमेन्स सिंगल में रायपुर की दिव्या आमडे विजयी रहीं जबकि दुर्ग की शोभना सिंह को रनर का खिताब मिला। गौरतलब है कि अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार हसदेव ताप विद्युत संयंत्र, कोरबा पश्चिम को मिली थी। रविंद्र सांस्कृतिक मंच (सीनियर क्लब) के भवन में आयोजित इस स्पर्धा में पावर कंपनीज की सात टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें रायपुर सेंट्रल, दुर्ग रीजन, डीएसपीएम कोरबा पूर्व, एबीटीवीएस मड़वा, रायपुर रीजन, एचटीपीएस कोरबा पश्चिम और बिलासपुर रीजन की टीम शामिल रहीं।




विजेता टीम के खिलाड़ी।

### राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन

अखिल भारतीय पावर कंपनी प्रतियोगिता के लिए टेबल टेनिस के 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया। पुरूष टीम में रजनीश ओबेराय, टीपी सिंह, अनुराग शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रशांत बापट, समीर तिवारी, सागर पिंपलापुरे और विवेक पटेल शामिल हैं। जबकि महिला टीम में दिव्या आमडे, शोभना सिंह, उपासी धाकड़, मोनिका दीवान, श्रद्धा वर्मा और निरंजना गवेल शामिल हैं।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## बिलासपुर रेंज के आईजी ने जिले में एप का किया शुभारंभ

# सशक्त एप से चोरी की गाड़ी होगी डिटेक्ट, एक क्लिक में हिस्ट्री आएगी सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपराध पर लगाम लगाने और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए एक नया डिजिटल कदम उठाया गया है। बिलासपुर रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा जिले में सोमवार को सशक्त एप को लॉन्च किया गया। यह एप खासतौर पर चोरी हुए गाड़ियों की पहचान करने के लिए बनाया गया है। निश्चिततौर पर इस एप के लॉच होने से पुलिस अपराधियों तक आसानी से पहुंच सकेगी और पुलिस का काम आसान भी होगा। जिले के प्रवास पर पहुंचे बिलासपुर रेंज के आईजी



ऐप लॉन्च करते हुए आईजी श्री गर्ग, एसपी श्री तिवारी व पुलिस अधिकारी।

रामगोपल गर्ग, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने एसपी ऑफिस के सभागार में सशक्त नामक एक नए मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। श्री गर्ग ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि इस ऐप के माध्यम से चोरी हुए गाड़ी का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। आईजी श्री गर्ग ने बताया कि यह ऐप तकनीक के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करेगी। सशक्त ऐप से आम नागरिकों को बड़ा लाभ मिलेगा, वहीं पुलिस जांच प्रक्रिया भी अधिक पारदर्शी और तेज होगी। पुलिस प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल अपराध नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय लखन पटले, नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, दर्री सीएसपी विमल पाठक सहित जिले के अन्य थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### इस तरह काम करेगा एप्प

बताया जाता है कि सशक्त एप के जरिए पुलिसकर्मी किसी भी गाड़ी की इंजन नंबर, चेचिस नंबर या रजिस्ट्रेशन नंबर डालकर यह पता लगा सकते हैं कि वह गाड़ी चोरी की है या नहीं। इससे चेकिंग के दौरान तुरंत जानकारी मिल जाएगी और वाहन की पहचान तेज और सही हो सकेगी। जिले में इस एप्प लॉच होने से डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल कर अपराध पर लगाम लगाने की दिशा पर जोर होगा। एप में चोरी हुई गाड़ियों का पूरा डेटा एक जगह उपलब्ध होगा। पुलिसकर्मी सिर्फ एक क्लिक में वाहन की पूरी हिस्ट्री सामने आ जाएगी। जिला पुलिस द्वारा इस डेटा को नियमित रूप से अपडेट करेगी।

### अधिकारियों की ली बैठक

बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग जिले में उनका पहला प्रवास था। प्रवास के दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि जनता के साथ मिलकर काम करना है और अपराधियों पर शिकंजा कसना है। संगठित अपराध को अंजाम देने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है। इस दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की। आईजी ने जिले के सभी थानों और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निदान होनी चाहिए।

